सं०: एस- 18011/24/2015-एसबीएम
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

*****

12वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ काम्प्लैक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली, 110003
दिनांक- 15.06.2016

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव,
ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी,
सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

विषय: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के आईएसआईएस पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकारियों की संपर्क सूची को अद्यतन करने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

मुझे यह बताने का निदेश हुआ है कि इस मंत्रालय के आईएमआईएस द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एसबीएम (जी) का कार्यान्वयन देखने वाले अधिकारियों का संपर्क विवरण जैसे नाम, दूरभाष संख्या, फैक्स, ई-मेल, पता आदि रखा जाता है। आईएमआईएस पर अपलोड किया गया संपर्क विवरण स्कीम के कार्यान्वयन से संबद्ध विभिन्न पत्राचारों, दूरभाष वार्तालाप के लिए उपयोग किए जाते हैं।

2. लंबे समय से पाया गया है कि कई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रधान सचिव/ एसबीएम (जी) के प्रभारी सचिव, एसबीएम (जी) के राज्य समन्वयक आदि जैसे संबद्ध अधिकारियों के संपर्क विवरण में परिवर्तन को अद्यतन करने की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। इसके अभाव में, प्रभावी परिणाम यह हुआ है कि बहुत महत्वपूर्ण पत्राचार भी मंत्रालय में वापस लौट आते हैं, ई-मेल पहुँच नहीं पाते और यहाँ तक कि तात्कालिक स्थिति में भी राज्य से दूरभाष तक बाद नहीं हो पाता है।

3. अतः अनुरोध किया जाता है कि यदि अधिकारी के संपर्क विवरण में कोई परिवर्तन हुआ हो तो संबद्ध अधिकारी को निदेश दें कि उसे अद्यतन करने की व्यवस्था करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति:

1. एसबीएम (जी) राज्य समन्वयक, सभी राज्य
2. तकनीकी निदेशक (एनआईसी) वैबसाइट पर डालने हेतु।